सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 06 जनवरी, 2025

उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने आज श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर नुन्नावाला, देहरादून स्थित गुरुद्वारा शहीद सिंघा में मत्था टेककर देश–प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए अरदास की।

राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रेरणादायी जीवन, समर्पण और त्याग हमें सत्य, न्याय, समानता और मानवता की सेवा का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपने आदर्शों और शिक्षाओं के माध्यम से पूरे विश्व को प्रेम, समानता और सेवा का मार्ग दिखाया।

इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर भी उपस्थित रहीं।

............0............